दिनांक : 01.10.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में आरएसएस के शताब्दी समारोह में होंगे शामिल।
- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव वन विहार से करेंगे राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ।
- आईसीसी महिला एक दिवसीय विश्व कप के पहले दिन कल भारतीय टीम ने श्रीलंका को 59 रन से हराया। दूसरा मैच आज इंदौर में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच।
- मानसून की विदाई के बीच प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश का दौर जारी।

प्रधानमंत्री-आरएसएस शताब्दी समारोह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस के शताब्दी समारोह में भाग लेंगे। समारोह में संघ की विरासत, उसके सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में उसकी भूमिका के बारे में बताया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्र के प्रति आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला एक विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे।

वन्यजीव सप्ताह- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम आज सुबह साढ़े दस बजे वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में होगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पर्यटक वाहनों का लोकार्पण करने के साथ ही फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे और वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार प्रदान करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली में वृद्धजनों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगा। मंत्रालय ने कल कहा कि यह कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सम्मानजनक और सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा। इसकी थीम- गरिमा के साथ वृद्धावस्था पर जोर है। कार्यक्रम के दौरान, रक्षा मंत्रालय, टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड और बिड़ला ओपन माइंड्स फाउंडेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

प्रदेश में भी अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शिवपुरी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य एवं देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इंदौर, गुना, अशोकनगर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में भी अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर अलग-अलग कार्यक्रम किए जाएंगे।

सेवा पर्व-शुभांशु शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला- 'सेवा पर्व' में आज हम आपको बता रहे हैं कि कैसे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई गति प्रदान कर रही है और एक नए अन्वेषण युग को प्रेरित कर रही है।

वीओ -

जीएसटी सुधार- विद्युत वस्तुएँ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम विद्युत वस्तुओं पर जीएसटी कटौती पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं।

वीओ -

शारदीय नवरात्रि - प्रदेश

शारदीय नवरात्रि का आज नौवां दिन है। इस दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है और श्रद्धालु कन्यापूजन कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं। नवरात्र को लेकर प्रदेशभर के मंदिरों में दिन भर मां सिद्धिदात्री देवी की पूजा-अर्चना और कन्या पूजन की परंपरा चलेगी। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं और सुख-समृद्धि, शक्ति और सकारात्मकता की कामना की है। भक्तों की भक्ति और उत्साह के साथ यह महत्त्वपूर्ण पर्व मनाया जा रहा है।

आईसीसी-महिला विष्व कप

आईसीसी महिला एक दिवसीय विश्व कप 2025 के आरंभिक मैच में भारतीय टीम ने मध्य क्रम लड़खड़ाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए श्रीलंका को 59 रन से हरा दिया। गुवाहाटी में वर्षा से प्रभावित मैच में भारत के संशोधित 271 रन के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका की पारी 45 ओवर और 4 गेंदों में 211 रन पर सिमट गई। भारत की दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

वहीं दूसरा मैच आज इंदौर के होलकर स्टेडियम में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। मध्यप्रदेष क्रिकेट एसोसिएषन के मुख्य प्रषासनिक अधिकारी रोहित पंडित ने बताया कि मैच को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मौसम

मानसून की विदाई के बीच प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश का दौर जारी है। कल भोपाल समेत 10 जिलों में कहीं-कहीं बारिश हुई। बैतूल में डेढ़ इंच, बालाघाट के मलाजखंड में सवा इंच, दतिया, ग्वालियर में आधा इंच बारिश हुई। जबलपुर, सागर, डिंडौरी, मुरैना में भी बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मौसम अगले 4 दिन तक ऐसा ही बना रहेगा। कल दशहरे के दिन भी कई इलाकों में बारिश की संभावना है। प्रदेश के 12 जिलों से अब तक मानसून की विदाई हो चुकी है। 10 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश से मानसून लौट जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम के पिपरिया ब्लॉक में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत पिपरिया और बनखेड़ी विकासखंड के 34 दिव्यांगजनों को, स्वरोजगार प्रशिक्षण दिया गया।
- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में उमंग हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के तहत छात्राओं के लिए "पर्सनल हाइजीन एवं संतुलित आहार" विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन कल किया गया
- जबलपुर जिले के सिहोरा में मंगलवार रात को एक दुर्घटना में 15 लोग घायल हो गये।
- भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जेपी जिला अस्पताल अधीक्षक पद का दायित्व आगामी आदेश तक सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा को सौंपा।
- कान्हा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में आज से वन्यजीव संरक्षण सप्ताह का आयोजन में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल होंगे।

-------